





## एक नजर में

### डीआरएम ने सत्यनिष्ठा शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरुआत की



**रतलाम।** रेल मंत्रालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की अगुवाई में आयोजित राष्ट्रव्यापी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अनुरूप, पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य लोक प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। रतलाम मंडल पर इस कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार द्वारा रतलाम मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर हुई। यह समारोह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक चलेगा। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा अधिसूचित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की विषय-वस्तु है, सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी। यह विषय-वस्तु नैतिक आचरण, शासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन के निर्माण के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्व पर बल देती है। श्री कुमार ने सत्यनिष्ठा की शपथ आरंभ करने से पूर्व कहा कि आप शपथ के सिर्फ शब्दों को न पढ़ें बल्कि इसकी भावना को भी समझें। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार सहित सभी अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकथाम अभियान हेतु रतलाम कंट्रोल रूम स्थापित

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि जिले में देव उठनी ग्यारस के अवसर पर होने वाले विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह रोकथाम अभियान 2025 अंतर्गत समस्त महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं कार्यालयों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। यह कन्ट्रोल रूम 31 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक नियमित रूप से प्रात: 9 बजे से शाम 6. बजे तक खुला रहेगा। कन्ट्रोल रूम में संबंधित परियोजना अधिकारी एवं एक कर्मचारी की डयूटी भी लगाई गई है। कर्मचारी बाल विवाह से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर परियोजना अधिकारी को अवगत कराएगे तथा परियोजना अधिकारी इस संबंध में त्वरित कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, को अवगत कराएंगे। जिले में पदस्थ विभागीय अधिकारीयों के मोबाईल नम्बर इस प्रकार है। जिन पर आमजन बाल विवाह की सूचना दे सकते हैं रतलाम जिले के जिला कार्यालय में पदस्थ रविन्द्र मिश्रा-9425992575, पी.सी. चौहान-9424042226, श्रीमती भारती डांगी-7987717357, रतलाम शहर क्र.01 में पदस्थ श्रीमती चेतना गेहलोद-9907398071, रतलाम शहर क्र. 02 में पदस्थ श्रीमती अर्चना नाहोर-8103324325, रतलाम ग्रामीण क्रं 01 में पदस्थ श्रीमती प्रियंका बैरागी-8103990514, रतलाम ग्रामीण क्र. 02 में पदस्थ श्रीमती शशीकला मण्डराह-8989005242, सैलाना में पदस्थ श्रीमती ज्योति गोस्वामी-7354501090, पिपलोदा में पदस्थ श्रीमती सरोज पुरोहित-9179288140, बाजना मे पदस्थ श्रीमती एहेताम अंसारी-9752853252, जावरा ग्रामीण में पदस्थ श्रीमती अंकिता निडोदिया-7772804252, जावरा शहर में पदस्थ श्रीमती अंकिता निडोदिया-7772804252, आलोट में पदस्थ श्रीमती मोनिका शुक्ला-8839500955 को बाल विवाह की सूचना दी जा सकती है। इस संबंध में चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर भी शिकायत दर्ज करवाने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### दृढ़ चित्त और निर्णय की क्षमता से ही जीवन में सफलता: सद्भाव सागरजी मसा

**रतलाम।** स्टेशन रोड स्थित चंद्रप्रभा दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजित प्रवचन श्रृंखला में सोमवार को मुनि श्री 108 सद्भाव सागर जी मसा. ने पद्म पुराण की जैन रामायण के प्रसंगों के माध्यम से निर्णय और दृढ़ चित्त की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता उसी को मिलती है जो अपने निर्णयों पर अडिग रहता है और परिणामों की चिंता नहीं करता। मुनि श्री ने कहा कि डुलायमान (डगमग) चित्त वाला व्यक्ति चाहे कितनी ही बुद्धिमानी रखता हो, वह जीवन में सुखपूर्वक निवास नहीं कर सकता। जो व्यक्ति निर्णय करना जानता है, वही सच्चा जीवन जीता है। जिनके निर्णय ही अस्थिर होते हैं, उनके परिणाम कैसे सही होंगे? मुनि श्री ने कहा कि निर्णय करना केवल एक क्रिया नहीं बल्कि व्यक्ति की मानसिक शक्ति की परीक्षा है। संसार के लोग अनेक सलाह देंगे, पर जीना तो आपको ही है। निर्णय आपके हैं, इसलिए परिणाम भी आपको ही भोगने हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दृढ़ निश्चयी होता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता। गृहस्थ जीवन, व्यवसाय या साधना — हर क्षेत्र में स्थिर चित्त और अडिग निर्णय ही सफलता का आधार हैं। रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए मुनि श्री ने कहा कि हनुमान जी ने जब लंका दहन कर रावण के किले से बाहर निकलकर श्रीराम के पास लौटे, तो उन्होंने सीता माता के संदेश सुनाए। उन्होंने बताया कि माता सीता ने कैसे कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोया और राम नाम का स्मरण करते हुए दृढ़ रहीं। हनुमान द्वारा लाए गए चूड़ामणि से राम को विश्वास हुआ कि वे सचमुच सीता से ही मिलकर आए हैं। राम प्रसन्न होकर बोले — चलो, अब विलम्ब मत करो, लंका चलें, युद्ध करेंगे और विजय प्राप्त करेंगे। मुनि श्री ने कहा कि लंका में जब रावण ने अपने पुत्र इंद्रजीत, भाई कुंभकर्ण और सेनापतियों को युद्ध के आदेश दिए, तब विभीषण ने धर्मबुद्धि से उसे समझाया भाई, अब भी समय है, अन्याय छोड़ दो, राम को स्वीकार कर लो।

# दिनभर रिमझिम और झमाझम का दौर...ठंडा हुआ मौसम

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शनिवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। तीसरे दिन दिनभर रिमझिम और झमाझम का दौर चला। समाचार लिखे जाने तक बारिश का क्रम जारी था। जिले में अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवाह मध्य भारत की ओर बढ़ने से हो रही

**अरब सागर के ऊपर डिप्रेशन एक्टिव होने के कारण बेमौसमी बारिश**

बेमौसमी बारिश से दिन के तापमान में कमी और रात के तापमान में भी कमी नजर आई है। ठंडी हवा चलने के कारण रात के समय में लोगों की ठिठुरन बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह शहर समेत जिले में बारिश के बाद हल्की धुंध, ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि रविवार को दोपहर बाद हुई



तेज बारिश से शहर और जिले में मौसम में हुए बदलाव के कारण आमजन को ठंडक का अहसास होना शुरू हो गया है। जिले में बारिश की वजह से तापमान में गिरावट हुई है। रविवार को बारिश के बाद ठंडी हवाओं का दौरा सोमवार को भी जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग की माने तो आगे आने वाले समय में भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। रतलाम जिले में पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर एक डिप्रेशन एक्टिव होने के कारण यह बेमौसमी बारिश हुई है। सोमवार को भी सुबह दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान परिवर्तित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस तूफान की वजह से आने वाले दिनों में भी रतलाम जिले में बारिश होने का अनुमान है।

**डेढ़ डिग्री से अधिक गिरा तापमान**

रतलाम जिले में अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवाह मध्य भारत की ओर बढ़ने से हो रही बेमौसमी बारिश से दिन के तापमान में कमी और रात के तापमान में भी कमी नजर आई है। ठंडी हवा चलने के कारण रात के समय में लोगों की ठिठुरन बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह शहर समेत जिले में बारिश के बाद हल्की धुंध ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि रविवार को दोपहर बाद हुई तेज बारिश से शहर और जिले में मौसम में हुए बदलाव के कारण आमजन को ठंडक का अहसास होना शुरू हो गया है। बारिश के बाद रतलाम जिले में दिन के तापमान में भी 1.2 डिग्री के लगभग गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन 29 अक्टूबर रतलाम जिले का मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम में हुए इस अचानक बदलाव से रहवासियों को सुबह व रात के समय ठंड का एहसास होने लगा है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम पारा 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

## जिला चिकित्सालय के दवा कक्ष के कम्प्यूटर खराब

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिला चिकित्सालय में दवा कक्ष के कम्प्युटर खराब हैं। इसको सुधारने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने दिए। उन्होंने सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं को जांच और

**सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया**

निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

श्री बेलसेर सबसे पहले वे आईसीयू वार्ड में पहुंची, आईसीयू वार्ड के बाहर एक खराब कुर्सी को हटाने के लिए कहा। आईसीयू की प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि वर्तमान में 19 मरीज भर्ती है, उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट के प्रावधान अनुसार सभी बकेट में कलर कोड पॉलिथीन लगाने के निर्देश दिए। आईसीयू में ब्लड प्रेशर हेतु आवश्यक दवाइयां उपलब्ध पाई गई।

निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, फायर एक्सटिंग्विशर, सीसी वार्ड में उपलब्ध एयर कंडीशनर, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन फेब्रिलेटर डिफैब्रेटर उपकरणों को चला कर देखा गया, तथा सभी उपकरण हर स्थिति में क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन की



गुणवत्ता आदि के संबंध में चर्चा की। मरीजों द्वारा उपचार एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में संतुष्ट होना बताया गया। उन्होंने एन सी डी कक्ष के भ्रमण के दौरान स्टॉक रजिस्टर चेक किया, दवाइयो का तीन माह का स्टॉक हमेशा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

रॉयल्स ट्यूब की उपलब्धता चेक की तथा किसी भी दवाई एवं उपकरण की कमी होने पर आरएमओ को अवगत कराने हेतु कहा। इमरजेंसी कक्ष में ई सी जी मशीन हमेशा दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। दवाई वितरण कक्ष में सभी प्रकार की दवाइयों की उपलब्धता की जांच की। जिला चिकित्सालय के सहायक प्रबंधक को आईसीयू संबंधी व्यवस्थाएं, ऑन कॉल ड्यूटी, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट ई, औषधि पोर्टल में दवाइयो की उपलब्धता निर्धारित रखने एवं दवाई वितरण कक्ष के कंप्यूटर को सुधारने के निर्देश दिए। अस्पताल भ्रमण के दौरान डॉ. एपी सिंह, डॉ. अंकित जैन, डॉ. आरसी डामोर, डॉ. अभिषेक अरोरा, डॉ. शिवम श्रीवास्तव सहित डॉक्टर उपस्थित रहे।

**एमसीएच की व्यवस्था भी**

सीएमएचओ एमसीएच भी पहुंसी। स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान में लगभग 20 डिलीवरी प्रतिदिन के मान से लगभग 600 डिलीवरी प्रतिमाह हो रही है, एमएलसी रजिस्टर चेक करने पर पाया गया कि माह में लगभग 27 एमएलसी प्रतिमाह की जा रही है। उन्होंने सभी एमएलसी रिकॉर्ड ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए, एम सी एच अस्पताल की लिफ्ट को सुधारने के लिए जिला स्तर से सभी प्रकार का सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। मरीजों को व्हीलचेयर के माध्यम से अस्पताल के स्टाफ द्वारा एंबुलेंस तक पहुंचाए जाने के निर्देश दिए।

### पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट, चार पर प्रकरण

**रतलाम।** पटाखा फोड़ने की बात को लेकर हुए विवाद में नाबालिग के साथ चार लोगों ने मिलकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार ताल थाना क्षे के ग्रम लसुड़िया सुरजमल का दुर्गादास पिता बगदीश बैरागी के साथ विवाद हो गया। विवाद में दुर्गादास ने बगदीराम, राजू बाई पति दुर्गादास और गीता बाई पति गीताबाई के साथ मिलकर दुर्गादास के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### जमीन की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद, छह लोग पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** जिले के ताल थाना क्षेत्रके ग्राम खारवाखुर्द में जमीन की बात को लेकर भूपेंद्र सिंह पित बनेसिंह का कुशालसिंह पिता गोकुल सिंह का विवाद हो गया। विवाद में दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। फरियादी भूपेंद्रसिंह की रिपोर्टर कुशाल सिंह, गोकुलसिंह पिता वजे सिंह, टीनाकुंवर पति कुशालसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं जमीन की बात को लेकर रामलाल पिता मानसिंह डमोर निवासी ग्राम ठिकरिया (बाजना) का भाई लोकेश से विवाद हो गया। विवाद में लेकेश ने भाई रामलाल के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर बाजना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## टीएल बैठक में डुप्लीकेट समग्र आई डी को डिलीट करवाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन एवं एडीएएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की

**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न**

समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जनकल्याण के मुद्दो से संबंधित सीएम हेल्पलाईन, समग्र ई केवायसी, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करे। कोई भी शिकायत नान अटेण्डेड अगले स्तर पर नहीं जाये। सी एम हेल्पलाइन शिकायत का निराकरण कर एल वन स्तर पर ही जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। फोर्सक्लोज योग्य शिकायतों को तत्काल फोर्सक्लोज किया जाए। स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। जिससे जिले की ग्रेडिंग अच्छी हो सके। हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधानकारी निराकरण करे। शिकायत का समाधान कारी निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में समग्र ई केवायसी की समीक्षा के दौरान सभी नगरीय निकायों को समग्र ई केवायसी का काम त्वरित गति से समयावधि में करने के निर्देश दिए। डुप्लीकेट समग्र आई डी को डिलीट करवाने के निर्देश दिए। शिक्षा अधिकारी एवं डी पी सी स्कूली बच्चों के आधार अपडेट का काम लक्ष्य अनुसार निर्धारित समय सीमा में करवाना सुनिश्चित करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत पदाभिहीत अधिकारी समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करें।

## मंत्री काश्यप ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए



रतलाम/ भोपाल। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने यहां विद्या भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अ.भा. जूडो, कुश्ती और कुराश प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

श्री काश्यप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की सराहना की और उनसे आव्हान किया कि वे भारत के परंपरागत खेलों को बढ़ावा दें। उन्होंने खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि खेलों से स्वस्थ शरीर बनता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। खेलो से व्यक्तित्व का विकास होता है, इसलिए खेलना आवश्यक है।

यह प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार में संपन्न हुई। इसमें 22 राज्यों के 1100 खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी आगे एस जी एफ आई में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर ग्राम भारती के प्रांतीय सचिव वीरेंद्र सेंगर, विद्या भारती के पर्यवेक्षक सतपाल सिंह, शारदा विहार समिति के सदस्य राजेंद्र आर्य, प्रबंधक राजेश तिवारी तथा विद्या भारती मध्य क्षेत्र के खेल सहसंयोजक मनीष वाजपेई उपस्थित रहे।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

रतलाम। गोकुलसिंह की रिपोर्ट पर दशरथ सिंह पिता बने सिंह, भूपेंद्र पिता बनेसिंह, दिलीपर्पा संह पिता नाहरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के वेदव्यास कॉलोनी में समीर पिता मोहम्मद शरीफ कुरैशी निवासी कुरैशी मंडी का वसी निवासी आनंद कॉलोनी का विवाद हो गया। विवाद में वसी उबेद व अन्य साथी के साथ मिलकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी समीर की रिपोर्टर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं दूसरी ओर सैलाना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनोद निवासी गोपाल पिता बद्रीलाल पाटीदार का शुभम पिता दिनेश पाटीदार का विवाद हो गया।

### फूड पॉइजनिंग की शंका, मावा भट्टी सील

**रतलाम।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्राम धामनोद में दशरथ पाटीदार के घर गोद भराई कार्यक्रम में मेहमानों के लिए बनाए गए नाश्ता और भोजन खाने से फूड पॉइजनिंग से उल्टी दस्त की शिकायत मिलने पर शिकायत की जांच के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं तहसीलदार संदीप इवने द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई। मावा भट्टी का निरीक्षण करने पर मावा भट्टी का खाद्य रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। भट्टी पर पाए गये खराब मावे को नष्ट करवाया गया एवं आगामी



आदेश तक के लिए पूरणदास बैरागी की मावा भट्टी को सीलबंद कर दिया गया। कार्यक्रम मे बने खाद्य पदार्थों के लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान 125 दोपहिया वाहनों को जांचा, 25 में अमानक साइलेंसर मिले

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने शहर की सड़कों पर दौड़ रहे नियम विरूद्ध वाहन चालकों पर कार्रवाई की हैं। पुलिस ने 125 वाहनों की जांच गई, जिसमें से 25 वाहनों में अमानत साइलेंसर लगे मिले, जिस पर उन्हें

**पुलिस द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कारवाई**

जब कर कार्रवाई की। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा (रा.पु.से.) के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात आन्नद स्वरुप सोनी द्वारा हमराह फोर्स थाना प्रभारी यातायात का.निरीक्षक राजशेखर वर्मा, सूबेदार अनोखीलाल परमार, सउनि. सर्वेश द्विवेदी, प्रआर. धीरेंद्र दीक्षीत, आर. नरेंद्र चौरे, आर. भगतसिंह, सै. विजय गोमे द्वारा शहर रतलाम मे वाहन चैकिंग के दौरान 100 से अधिक दो पहिया वाहनो को चैक किया गया, जिसमे से 22 अमानक फटाकेदार सायलेंसर पाये जाने पर चालानी कार्यवाही कर जप्ति कि कार्यवाही की गई, इसी प्रकार जावरा यातायात चौकी से चौकी प्रभारी सुबेदार मोनिका ठाकुर, सउनि. समरथ वर्मा व हमराह फोर्स के द्वारा जावरा शहर मे वाहन चैकिंग के दौरान 25 से अधिक दो पहिया वाहनो को चैक किया गया, जिसमे से 03 अमानक फटाकेदार सायलेंसर पाये जाने पर जप्त कर चालानी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही रतलाम शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित व सूचारु बनाने के लिए लगातार जारी रहेगी।



### भगवान विश्वकर्मा को लगाया 56 भोग, एकत्रित की राशि

**जावरा।** पांचाल समाज रविवार को स्वामीजी की कुटिया पर अन्नकुट का आयोजन किया। आयोजन में भगवान श्री विश्वकर्मा को 56 प्रकार का भोग लगाया। फिर समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की। तत्पश्चात भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस मोके पर समाजजन द्वारा खरीदी गई भूमि पर निर्माण कार्य हेतु राशि एकत्रित की गई। इस दौरान जावरा पांचाल समाज अध्यक्ष बद्रीलाल पांचाल द्वारा 1 लाख 11 हजार, डॉ रुपेश पांचाल द्वारा 51 हजार, जावरा पांचाल समाज पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पांचाल द्वारा 51 हजार, पांचाल समाज पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद पांचाल 51 हजार, मांगीलाल पांचाल सरपंच बानीखेड़ी 51 हजार छगनलाल पांचाल द्वारा 51 हजार की राशी दी गई। इनके अलावा राधेश्याम पांचाल आलोट वाले 21 हजार, विनोद पिता भुवान लाल सांखला 21 हजार, मुकेश पांचाल गरगडीया सरपंच 21 हजार, दिनेश पांचाल भूतेड़ा 21 हजार आदि ने दिए। कुल धर्मशाला निर्माण हेतु 5 लाख 27 हजार 100 रुपए की राशि धर्मशाला निर्माण हेतु दान के रूप में भेंट की गई।

**ज्ञान पंचमी** | ज्ञान पंचमी के पावन प्रंसग पर जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने की सेवा

## ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती की आराधना व गौमाता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** ज्ञान पंचमी के पावन प्रंसग पर जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने जीवदया सोसायटी पर सोमवार को बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यो ने गौमाताओ को हरि घास व गुड़ का स्वामी वात्सल्य भोजन करा कर पुण्य लाभ लिया। मुख्य लाभार्थी श्री पारसमल सौभाग्यमल औरा परिवार रहा। इस अवसर पर ग्रुप के वरिष्ठ मार्गदर्शक सुजानमल कोचट्टा ने कहा कि आज ज्ञान पंचमी है और मां सरस्वती की आराधना के साथ गौमाता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य लाभ नहीं है। उक्त जानकारी देते हुए ग्रुप के सदस्य व मीडिया प्रभारी द्वय वरिष्ठ पत्रकार पारसमल छाजेड व अशोक चोपड़ा ने बताया कि नूतन वर्ष के प्रारम्भ में नवगठित जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने शपथ के बाद अपने सेवा कार्यक्रम की शुरुआत गौमाता के स्वामी वात्सल्य से करा कर की। लाभार्थी पारसमल ओरा का बहुमान ग्रुप की और से मोतियों की माला एवं दुपट्टा पहनाकर अध्यक्ष नवनीत सिंह श्रीमाल, सचिव अशोक ओरा व सुदेश खारीवाल ने किया।

**यह रहे मौजूद स्वागत**

इस शुभ सेवा का लाभ बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रुप के पदाधिकारी अध्यक्ष नवनीत सिंह श्रीमाल, उपाध्यक्ष क्रमश: महावीर डांगी, पारसमल छाजेड, सुशील जैन, सचिव अशोक कुमार औरा, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीमाल, वरिष्ठ मार्गदर्शक सुजानमल कोचट्टा संचालक मण्डल के प्रमुख अशोक चोपड़ा, सुदेश खारीवाल, दिलीप पारख, वीरेंद्र विनाक्या, दिलीप चण्डालिया, पारसमल औरा, राजकुमार पीपाड़ा, रमेश चंद्र नादेचा, व सदस्य सुशील मेहता, श्रैणीक चोहान, राजेन्द्र कोचर, विनोद चपडोद, शान्तिलाल डांगी, प्रकाश कोठारी, विनोद श्री श्रीमाल, आदि ने लिया।

आभार प्रथम उपाध्यक्ष महावीर डांगी ने माना।